हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 3 जुलाई 2025 समय 1305

हरियाणा के मानेसर स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आज शुरू हो गया।इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया।इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण भी मौजूद रहे।"संवैधानिक लोकतंत्र को मजबूत बनाने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका" विषय पर करवाए जा रहे इस सम्मेलन का उद्देश्य तेजी से शहरीकरण कर रहे देश में शहरी स्थानीय निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करना है।इसका उद्देश्य लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करना, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और समकालीन युग में शहरी शासन के लिए अभिनव दृष्टिकोणों की खोज करना और उन्हें उजागर करना भी है।इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिनिधि संवैधानिक जनादेश को पूरा करने और सार्वजनिक वितरण और नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए नगरपालिका शासन को और अधिक प्रभावी बनाने सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने कल गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय गुरुकमल में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति का अनावरण किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह सहित कई मंत्री और नेता मौजूद रहे। राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष ने कार्यकर्ताओं से डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा न केवल विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, बल्कि सबसे बड़ी विचारधारा भी है।मूर्ति अनावरण के पश्चात राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और संगठन मंत्री ने मंडल अध्यक्षों और पार्षदों की बैठक भी ली।

चंडीगढ़ आयकर विभाग द्वारा कल चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी के सम्मेलन कक्ष में करदाता हब का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और चार बार के ओलंपियन मनप्रीत सिंह, नई दिल्ली से प्रधान आयकर महानिदेशक ज्योति कुमारी, और चंडीगढ़ की प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त श्रीमती आम्रपाली दास मौजूद रहीं।करदाता हब 4 जुलाई तक आम जनता के लिए खुला रहेगा, जो कर-संबंधी शिक्षा, सेवाओं और जुड़ाव के लिए एक जीवंत और संवादात्मक मंच प्रदान करेगा।समारोह में आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी के अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चल रहे मॉनसून सीजन के मद्देनजर अधिकारियों को सभी ड्रेनों की पूरी तरह सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश कल चंडीगढ़ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।उन्होंने उपायुक्तों से कहा कि आगामी दिनों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से बचने के लिए प्रभावी जल निकासी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बरसाती पानी के त्वरित निकासी के लिए पर्याप्त संख्या में पंपों की व्यवस्था की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला जिला में जर्जर हालत के कारण वाहनों की आवाजाही के लिए बंद किए गए श्यामटू-अमराला और बरवाला-मौली टांगरी पुल की अनुमान रिपोर्ट तत्काल भेजने के आदेश दिए हैं ।कल प्रदेश भर के जिला उपायुक्तों व पुलिस उपायुक्तों की बैठक के दौरान पंचकूला की उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने इन दोनों पुलों के बारे में जानकारी दी, जिस पर मुख्यमंत्री ने इसका तत्काल संज्ञान लेते हुए उक्त रिपोर्ट मांगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों पुलों पर आवश्यक कार्य जल्द से जल्द कराए जाए।

बा□ड़□ की बेटी शानवी श्योराण ने 8वीं चरखी दादरी जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया है । उन्होंने 50 मीटर एवं 100 मीटर बैक स्ट्रोक में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके साथ ही उसने 200 मीटर फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक तथा 50 मीटर फ्री स्टाइल मे कांस्य पदक जीतकर अपने खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

पंचकूला में 26 से 30 जून तक आयोजित 20वीं जूनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में हरियाणा के उभरते सितारे पंचकूला में डीसी कॉलोनी निवासी जीवांश सांगवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। जीवांश मूल रूप से गांव झरवाई के निवासी है।

अमरीकी विदेश विभाग की उप-प्रवक्ता मिग्नॉन ह्यूस्टन ने कहा है कि अमरीका में छात्र वीज़ा के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं।